>

Title: Need to enhance the honorarium paid to teachers employed as "Shiksha Mitra" in Uttar Pradesh under Sarva Shiksha Abhiyan -Laid.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, उत्तर प्रदेश में सर्वशिक्षा अभियान पर खर्च होने वाले व्यय के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु शिक्षा मित्र नियुक्त किये जाते हैं। शिक्षा मित्र पूर्ण रूप से सहायक अध्यापक का कार्य करते हैं। प्रदेश सरकार इस मद के व्यय को अन्य मद में अधिक खर्च करती है जबकि बुनियादी रूप से शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षा मित्रों को केवल 3000 रू0 प्रति माह ही दिया जाता है। इतने कम मानदेय में शिक्षा मित्रों का जीवन-यापन संभव नहीं है। मेरी इस सदन के माध्यम से मांग है कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को दी जाने वाली सहायता में शिक्षा मित्रों को कम से कम 6000 रू0 प्रति माह मानदेय के रूप में दिया जाये जिससे शिक्षा मित्र अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निर्वाह कर सके।

मेरी सदन के माध्यम से यह मांग है कि 5 वर्षों के अनुभव के पश्चात शिक्षा मित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर स्थाई रूप से नियुक्त कर दिया जाये।